Question Booklet Series
प्रश्न–पुस्तिका श्रेणी

A

QUESTION BOOKLET
प्रश्न–पुस्तिका

DKKEP

Question Booklet No.
प्रश्न–पुस्तिका संख्या
110121

A

रोल नं.
Roll No.

Time Allowed : 2 Hours/निर्धारित समय : 2 घण्टे

Maximum Marks : 100/पूर्णांक : 100

INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES/ परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **Please do not open this Question Booklet until you are told to do so.**
जब तक आपको कहा न जाए तब तक यह प्रश्न–पुस्तिका न खोलें ।

2. For filling the OMR Answer Sheet and darkening the circle use only **BLUE/BLACK BALL POINT PEN**.
ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक एवं गोलों को भरने के लिए केवल **नीला/काला बॉल प्वाइंट पेन** इस्तेमाल करें ।

3. Candidate must fill up the necessary informations in the space provided on the OMR Answer Sheet before commencement of the examination. Please abide by the instructions given on the OMR Answer Sheet.
परीक्षा प्रारंभ होने से पहले जरूरी सूचना दिए गये निर्धारित स्थान पर ओ.एम.आर. (ओप्टिकल मार्क रीडर) उत्तर–पत्रक में अवश्य भरें । ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर दिए गये निर्देशों का पालन करें ।

4. Answer Sheet will be processed by electronic device. Invalidation of Answer Sheet due to incomplete/incorrect filling of relevant circle of Roll No. and Question Booklet Series in the OMR Answer Sheet shall result in cancellation of candidature. Any deficiency in filling up OMR Answer Sheet shall be the sole responsibility of the candidate. Please do not write or mark on the Answer Sheet outside the demarcated areas. It will invalidate your Answer Sheet.
उत्तर–पत्रक को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संसाधित किया जाएगा । अपूर्ण अथवा गलत तरीके से ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में भरा गया अनुक्रमांक तथा प्रश्न–पुस्तिका श्रेणी अमान्य होगा जिसके आधार पर अभ्यर्थिता रद्द हो जायेगी । ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक भरने में किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे । उत्तर–पत्रक पर उचित स्थान के अतिरिक्त कुछ न लिखें, अन्यथा उत्तर–पत्रक अमान्य कर दिया जाएगा ।

5. While answering, choose the correct alternative from the four choices given below the question and mark the same in corresponding circle in your Answer Sheet. While marking your answers, darken the circle as shown as correct in the example. Also, few examples of wrong shadowing is given below.
प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुन कर उत्तर–पत्रक में उसी प्रश्न के सम्मुख बने गोलों में उचित स्थान पर अंकित करें । अपना उत्तर अंकित करने के लिए नीचे सुझाए गए सही तरीके के अनुसार गोला भरें । कुछ गलत तरीके भी नीचे दर्शाये गये हैं ।

Correct Method / सही तरीका Ⓐ Ⓑ Ⓒ ●

Wrong Method/ गलत तरीका Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ

6. Do not detach any leaf from this Question Booklet. After the examination, handover the OMR Answer Sheet to the Room Invigilator. You are allowed to take the Question Booklet and carbon copy of the OMR Answer Sheet after examination is over.
इस प्रश्न–पुस्तिका से कोई पृष्ठ अलग न करें । परीक्षा समाप्त होने पर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक वीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है । आप परीक्षा समाप्ति के पश्चात् प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकते हैं ।

7. Each question carries **01** mark. There is no negative marking for any wrong answer.
प्रत्येक प्रश्न **01** अंक का है । गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं है ।

8. Possession and use of Calculator, Mobile Phone, Pager, any unwanted material/article or any other electronic gadget is strictly prohibited in the Examination Hall.
किसी भी प्रकार का गणनयंत्र (कैल्कुलेटर), मोबाइल फोन, पेजर, अवांछित सामग्री या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक मशीन (यंत्र) आदि का प्रयोग परीक्षा कक्ष में वर्जित है ।

9. Please abide by the instructions above and those given on the OMR Answer Sheet, **failure to comply with these instructions will be sole responsibility of the candidates.**
कृपया ऊपर लिखे और ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर दिए गए निर्देशों का पालन करें, **निर्देशों की अवहेलना की पूर्ण जिम्मेवारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**

SEAL

DO NOT WRITE ANYTHING ON THIS PAGE

इस पृष्ठ पर कुछ न लिखें

A

1. Choose the word closest in meaning to the underlined word in the sentence.

   A horrible conviction <u>darted</u> through Ramesh.

   (A) Dawdle
   (B) Floated
   (C) Fly
   (D) Flicked

2. Choose the word that is different in meaning from the other words.

   (A) Sullen
   (B) Morose
   (C) Gloomy
   (D) Grinning

3. What is the most appropriate indirect form of the following ?

   She said to me, "Please give me your book."

   (A) She asked if I could give a book.
   (B) She requested me to give her my book.
   (C) She ordered me for my book.
   (D) She enquired if I could give her the book.

4. To drop in on is to :

   (A) drop down from tree
   (B) drop down from mountain
   (C) visit someone unexpectedly
   (D) visit someone on invitation

5. Name the type of pronoun that the following sentence has used in the underlined word.

   I am the girl <u>who</u> has won the gold medal.

   (A) Possessive pronoun
   (B) Personal pronoun
   (C) Relative pronoun
   (D) Reflexive pronoun

6. Choose the correct one word substitute for the following.

   One who looks at the bright side of things.

   (A) Omicist
   (B) Pessimist
   (C) Orientalist
   (D) Optimist

7. Which among the following is an adverb ?

   (A) Temerity
   (B) Headlong
   (C) Precipitation
   (D) Adventurer

8. Choose the correct sentence from the following.

   (A) More than one boy was absent from the class.
   (B) More than one boy were absent from the class.
   (C) More than one boy absent from the class.
   (D) More than two boys was absent from the class.

9. What is the antonym of refreshment ?

   (A) Weariness
   (B) Regalement
   (C) Quick freeze
   (D) Repast

10. Choose the correct spelling from the following.

    (A) Somnambulist
    (B) Samnabulist
    (C) Somnabullist
    (D) Sommnambulist

11. To which of the following country India has exported Pinaka, Multi-Rocket System ?
(A) Ukraine
(B) Afghanistan
(C) Armenia
(D) Vietnam

12. Who among the following got the first Nobel Prize for Literature ?
(A) Sully Prudhomme
(B) Jean Paul Sartre
(C) Bertrand Russell
(D) Rabindranath Tagore

13. Rohingya refugees have been displaced from which country ?
(A) From Bangladesh
(B) From Thailand
(C) From Sri Lanka
(D) From Myanmar

14. Vaibhav Taneja has been appointed as the Chief Financial Officer of which MNC ?
(A) Microsoft
(B) Tesla
(C) Google
(D) Facebook

15. Who won the men's singles title of Wimbledon – 2023 ?
(A) Carlos Alcaraz
(B) Pitt Sampras
(C) Roger Federer
(D) Novak Djokovic

11. निम्नलिखित में से किस देश को भारत ने मल्टी–रॉकेट सिस्टम, पिनाका निर्यात किया है ?
(A) यूक्रेन को
(B) अफगानिस्तान को
(C) आर्मेनिया को
(D) वियतनाम को

12. निम्नलिखित में से किसे साहित्य का पहला नोबेल पुरस्कार मिला ?
(A) सुली प्रूधोम
(B) ज्यां पॉल सार्त्र
(C) बर्ट्रेण्ड रसेल
(D) रबींद्रनाथ टैगोर

13. रोहिंग्या शरणार्थी किस देश से विस्थापित किए गए हैं ?
(A) बांग्लादेश से
(B) थाईलैंड से
(C) श्रीलंका से
(D) म्यांमार से

14. वैभव तनेजा को किस बहुराष्ट्रीय कंपनी का मुख्य वित्त अधिकारी नियुक्त किया गया है ?
(A) माइक्रोसॉफ्ट का
(B) टेस्ला का
(C) गूगल का
(D) फेसबुक का

15. विम्बल्डन – 2023 का पुरुष एकल खिताब किसने जीता ?
(A) कार्लोस अलकारेज़
(B) पिट संप्रास
(C) रोजर फेडरर
(D) नोवाक़ जोकोविच

A

16. Which one of the following ethnic communities does not belong to Manipur ?
(A) Meitei
(B) Naga
(C) Kuki
(D) Khasi

16. निम्नलिखित में से कौन-सा एक नृजातीय समुदाय मणिपुर से सम्बन्धित नहीं है ?
(A) मैतेई
(B) नागा
(C) कूकी
(D) ख़ासी

17. Who among the following is the Foreign Minister of Ukraine ?
(A) Volodymyr Zelenskyy
(B) Dmytro Kuleba
(C) Yevgeny Brezhnev
(D) Yevgeny Prigogine

17. निम्नलिखित में से कौन यूक्रेन के विदेश मंत्री हैं ?
(A) वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की
(B) दिमित्रो कुलेबा
(C) येवगेनी ब्रेझनेव
(D) येवगेनी प्रिगोजिनी

18. Who is the author of "Jinnah : His Successes, Failures and Role in History" ?
(A) Aafia Siddiqui
(B) Asiya Siddiqui
(C) Ishtiaq Ahmed
(D) Shahid Amin

18. "जिन्ना : हिज सक्सेसेज, फैल्योर्स एंड रोल इन हिस्ट्री" के लेखक कौन हैं ?
(A) आफिया सिद्दीक़ी
(B) आसिया सिद्दीक़ी
(C) इश्तियाक़ अहमद
(D) शाहिद अमीन

19. What is the name of the organization related to space research in Pakistan ?
(A) SUPARCO
(B) PASRO
(C) ISRO
(D) NASA

19. पाकिस्तान के अन्तरिक्ष अनुसंधान से जुड़े संगठन का नाम क्या है ?
(A) सुपारको
(B) पसरो
(C) इसरो
(D) नासा

20. Who was appointed as the caretaker Prime Minister of Pakistan after the resignation of Shahbaz Sharif under Constitutional Provisions ?
(A) Anwaar-ul Haq Kakar
(B) Imran Khan
(C) Maryam Nawaz
(D) Shahid Hussain

20. संवैधानिक प्रावधानों के तहत शाहबाज़ शरीफ द्वारा इस्तीफ़ा देने के बाद किसे पाकिस्तान का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया ?
(A) अनवार-उल हक़ काकड़
(B) इमरान खान
(C) मरियम नवाज़
(D) शाहिद हुसैन

A

21. The Supreme Court in Mohd. Khalid Vs. State of West Bengal [2002(7) SCC 334] case stated that, "We cannot overlook that the basic principle which underlines Section _______ of the Evidence Act is the theory of agency. Every conspirator is an agent of his associate in carrying out the object of conspiracy." Which provisions of the Evidence Act was the Supreme Court referring to ?
(A) Section 7
(B) Section 8
(C) Section 9
(D) Section 10

22. Rules relating to the appeal to the Supreme Court is found in _______ of the Civil Procedure Code, 1908.
(A) Order XLI
(B) Order XLV
(C) Order XLIX
(D) None of the above

23. Which of the following is true about the Navtej Singh Johar Vs. Union of India Case (2018) ?
(A) The Supreme Court struck down the whole of Section 377 of the Indian Penal Code
(B) The Supreme Court affirmed its previous judgement in the Suresh Kaushal Case (2013)
(C) The Supreme Court found certain parts of Section 377 of IPC violative of Articles 14, 15, 21 as well as Article 19(1)(a) of the Constitution
(D) All of the above are correct

21. मोहम्मद खालिद बनाम पश्चिम बंगाल राज्य [2002(7) SCC 334] मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि, ''हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि साक्ष्य अधिनियम की धारा _______ को रेखांकित करने वाला मूल सिद्धांत एजेंसी का सिद्धान्त है । प्रत्येक साजिशकर्ता, साजिश के उद्देश्य को अंजाम देने में एक दूसरे का सहयोगी का एक एजेंट है । यह कथन भारतीय साक्ष्य अधिनियम के किस प्रावधान से संबंधित है ?
(A) धारा 7
(B) धारा 8
(C) धारा 9
(D) धारा 10

22. उच्चतम न्यायालय में अपील से संबंधित नियम सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के _______ में पाए जाते हैं ।
(A) आदेश XLI
(B) आदेश XLV
(C) आदेश XLIX
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ (2018) मामले के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है ?
(A) उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को पूरी तरह से रद्द कर दिया
(B) उच्चतम न्यायालय ने सुरेश कौशल मामला (2013) के अपने पिछले फैसले की पुष्टि की
(C) उच्चतम न्यायालय ने आई.पी.सी. की धारा 377 के कुछ अंश को संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के साथ-साथ अनुच्छेद 19(1)(a) का उल्लंघन पाया
(D) उपर के सारे सच हैं

24. Which of the following is correct about admissions under the Indian Evidence Act, 1872 ?
(A) Admissions are conclusive proof of the matters admitted
(B) Admissions can only be made by the party to the proceeding
(C) Admissions may operate as Estoppels
(D) All of the above are correct

25. The rule that "once a matter is finally decided by a Court of competent jurisdiction, no party can be permitted to reopen it in a subsequent litigation", is based on the doctrine of
(A) Rule of Estoppel
(B) Principle of Res judicata
(C) Doctrine of Stare decisis
(D) None of the above

26. "Good faith" as defined under Section 52 of the Indian Penal Code necessarily involves
(A) due care and attention
(B) absence of bad intention
(C) genuine belief
(D) all of the above

27. Lalitha Kumari Vs. Govt. of UP and Ors (2013) is a landmark case on which of the following issues ?
(A) Arrest to prevent the commission of cognizable offences under Section 151
(B) Registration of FIR under Section 154
(C) Procedure for investigation under Section 157
(D) Examination of witnesses by police under Section 161

24. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के तहत स्वीकृतियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
(A) स्वीकृतियाँ, स्वीकृत मामलों का निर्णायक प्रमाण हैं
(B) किसी कार्यवाही में स्वीकृतियाँ केवल पक्षकार द्वारा ही किया जा सकता है
(C) स्वीकृतियाँ, विबंध के रूप में कार्य कर सकते हैं
(D) उपर्युक्त सभी सही हैं

25. यह नियम कि ''एक बार जब किसी मामले का निर्णय सक्षम क्षेत्राधिकार वाली अदालत द्वारा अंतिम रूप से तय हो जाता है, तो किसी भी पक्ष को बाद की मुकदमेबाजी में इसे फिर से खोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती है'', किस सिद्धान्त पर आधारित है ?
(A) विबन्ध का नियम
(B) पूर्वन्याय का सिद्धान्त
(C) स्टेर डेसिसिस (Stare decisis) सिद्धान्त
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. भारतीय दंड संहिता की धारा 52 के तहत परिभाषित ''सद्भावपूर्वक'' निम्न में से किसमें आवश्यक रूप से शामिल है ?
(A) सम्यक् सतर्कता और ध्यान से की गई कार्य
(B) बिना गलत आशय से की गई कार्य
(C) सच्चा विश्वास से की गई कार्य
(D) उपर के सभी शामिल हैं

27. ललिता कुमारी बनाम उत्तरप्रदेश राज्य एवं अन्य (2013) निम्नलिखित में से किस मुद्दे पर एक प्रमुख निर्णय है ?
(A) धारा 151 के तहत संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने के लिए गिरफ्तारी
(B) धारा 154 के तहत एफ.आई.आर. (FIR) दर्ज की प्रक्रिया
(C) धारा 157 के तहत जाँच की प्रक्रिया
(D) धारा 161 के तहत पुलिस द्वारा गवाहों की परीक्षा

A

28. In the bailment of pledges, under the Indian Contract Act, pawnor is

(A) Bailor
(B) Bailee
(C) Surety
(D) None of the above

29. The contents of documents may be proved by

(A) the primary evidence only
(B) the secondary evidence only
(C) either by primary evidence or the secondary evidence in every case
(D) primary evidence only except in certain prescribed cases where it may be proved by the secondary evidence as well

30. Mohori Bibi V. Dharmodas Ghose (1903) is considered a landmark case on the issue of

(A) the ambit of contracts by minors
(B) the nature and type of consideration
(C) the principal and agent relationship
(D) the consequences of breach of contract

31. Under the Indian Contract Act, 1872, an agreement not enforceable by law is

(A) Void agreement
(B) Voidable contract
(C) Unlawful agreement
(D) Void as well as unlawful agreement

32. Provisions relating to 'plea bargaining' are found in which Chapter of the Criminal Procedure Code, 1973 ?

(A) Chapter XXI
(B) Chapter XXI A
(C) Chapter XXII
(D) Chapters XXI and XXI A

28. किसी ऋण के संदाय के लिए प्रतिभूति के तौर माल का उपनिधान गिरवी कहलाता है और इसमें पणयमकार कौन होता है ?

(A) उपनिधाता
(B) उपनिहिती
(C) प्रतिभू
(D) उपर में से कोई नहीं

29. दस्तावेजों पर लिखित सामग्री को कैसे साबित किया जा सकता है ?

(A) केवल प्राथमिक साक्ष्य द्वारा
(B) केवल द्वितीयक साक्ष्य द्वारा
(C) हर मामले में या तो प्राथमिक या द्वितीयक साक्ष्य द्वारा
(D) प्राथमिक साक्ष्य द्वारा, केवल कुछ निर्धारित मामलों को छोड़कर जिसे द्वितीयक साक्ष्य द्वारा भी साबित किया जा सकता है

30. मोहोरी बीबी बनाम धर्मोदास घोष (1903) केस को किस मुद्दे पर एक ऐतिहासिक फैसला माना जाता है ?

(A) नाबालिगों द्वारा संविदा का दायरा
(B) प्रतिफल के प्रकृति और प्रकार के उपर
(C) अभिकर्ता व मालिक के बीच संबन्ध के बारे में
(D) संविदा भंग के परिणामो के बारे में

31. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के तहत एक करार जो विधित: प्रवर्तनीय न हो, वह क्या कहलाता है ?

(A) शून्य करार
(B) शून्यकरणीय संविदा
(C) गैरकानूनी करार
(D) शून्य व गैरकानूनी करार

32. 'सौदा अभिवाक्' से संबंधित प्रावधान आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के किस अध्याय में पाए जाते हैं ?

(A) अध्याय XXI
(B) अध्याय XXI A
(C) अध्याय XXII
(D) अध्याय XXI और XXI A

33. Which of the following is incorrect about pleadings ?
(A) It means plaint or written statement
(B) It contains a statement in a concise form of the material facts on which the party pleading relies for his claim or defence
(C) It also contains evidence by which material facts are to be proved
(D) The general provisions relating to pleadings are found in Order VI, the first Schedule of the Civil Procedure Code, 1908

34. Which of the following amounts to a criminal conspiracy ?
(A) An agreement between two or more persons to do or cause to be done an illegal act
(B) An agreement between two or more persons to do or cause to be done an act which is not illegal by illegal means
(C) An agreement between two or more persons to do or cause to be done to commit an offence
(D) All of the above

35. In which of the following offences under Indian Penal Code previous sanction under Section 197 of the Criminal Procedure Code 1973 is required for court to take cognizance for offence alleged to be committed by judges and public servants ?
(A) Any offence alleged to have been committed under Section 166A, Section 166B
(B) Any offence alleged to have been committed under Sections 354, 354A, 354B, 354C or 354D
(C) Any offence alleged to have been committed under Section 300
(D) Any offence alleged to have been committed under Section 509

33. अभिवचन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है ?
(A) इसका मतलब वाद पत्र या लिखित कथन है
(B) इसमें उन मूल तथ्यों का संक्षिप्त रूप में एक बयान शामिल है, जिस पर पक्षकार अपने दावे या बचाव के लिए भरोसा करता है
(C) इसमें ऐसे साक्ष्य भी शामिल हैं जिनके द्वारा मूल तथ्यों को साबित किया जाना है
(D) अभिवचनों से सबंधित सामान्य प्रावधान सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की पहली अनुसूची, आदेश VI में पाए जाते हैं

34. निम्नलिखित में से कौन-से कार्य को आपराधिक षड्यंत्र कहा जा सकता है ?
(A) कोई गैरकानूनी कार्य करने या करवाने के लिए दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच हुई सहमति
(B) दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच अवैध तरीकों से कोई ऐसा कार्य करने या करवाने की सहमति जो अवैध नहीं है
(C) किसी अपराध को करने या करवाने के लिए दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच हुई सहमति
(D) उपर के सभी

35. निम्नलिखित में से किस अपराध का न्यायिक संज्ञान लेने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 197 के तहत पूर्व मंजुरी की आवश्यकता होती है, न्यायाधीशो और लोक सेवकों के अभियोजन के लिए
(A) धारा 166A, धारा 166B (भारतीय दंड संहिता) के तहत किया गया कोई अपराध
(B) धारा 354, धारा 354A, धारा 354B, धारा 354C या धारा 354D (भारतीय दंड संहिता) के तहत किया गया कोई अपराध
(C) धारा 300 (भारतीय दंड संहिता) के तहत किया गया कथित कोई अपराध
(D) धारा 509 (भारतीय दंड संहिता) के तहत किया गया कथित कोई अपराध

36. Which of the following is not correct about the power of courts to allow amendment of pleadings ?
(A) Power of the court to allow amendment of pleadings is provided under Rule 17 of Order V of the Civil Procedure Code, 1908
(B) Provisions of Rule 17 of Order VI of the Civil Procedure Code, 1908 is exhaustive of the power of a court in matters of amendment of pleadings
(C) Provisions of Rule 17 of Order VI of the Civil Procedure Code, 1908 gives wide discretion on a court to allow either party to amend the pleadings subject to certain well established principles of law
(D) Kisandas V Rachappa Vithoba (1909) is a landmark case on the principles of law applicable to the amendment of pleadings

37. "Warrant case" under the Criminal Procedure Code, 1973 means a case relating to an offence punishable with
(A) Death
(B) Imprisonment for life
(C) Imprisonment for a term exceeding two years
(D) All of the above

38. Evidence may be given
(A) of the facts in issue
(B) of the relevant facts
(C) of the facts in issue and the relevant facts
(D) of the facts in issue, relevant facts and of the contested questions of law

39. McNaughten's Case principle relates to the
(A) Defence of unsound mind
(B) Right to self defence
(C) Defence of the mistake of fact
(D) None of the above

36. अभिवचनों में संशोधन की अनुमति देने की अदालतों की शक्ति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है ?
(A) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश V के नियम 17 के तहत अभिवचनों में संशोधन की अनुमति देने की शक्ति न्यायालय को प्रदान की गई है
(B) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश VI के नियम 17 के प्रावधान में अभिवचनों में संशोधन के मामलों में न्यायालय की शक्ति परिपूर्ण है
(C) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश VI के नियम 17 के प्रावधान किसी भी पक्ष को कानून संगत सिद्धांतों के अनुसार अभिवचनों में संशोधन करने की अनुमति देने के लिए अदालत को व्यापक विवेक देते हैं
(D) किसनदास बनाम राचप्पा विठोबा (1909) अभिवचनों में संशोधन पर लागू सिद्धान्तों के विषय में एक प्रमुख निर्णय है

37. आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत ''वारंट केस'' का अर्थ है अपराध से संबंधित मामला जिसका दंड है
(A) मौत
(B) आजीवन कारावास
(C) दो वर्ष से अधिक की अवधि के लिए कारावास
(D) उपर के सभी

38. साक्ष्य दिया जा सकता है
(A) विवाद्यक तथ्य का
(B) सुसंगत तथ्य का
(C) विवाद्यक एवं सुसंगत तथ्यों का
(D) विवाद्यक, सुसंगत तथ्यों एवं कानून के विवादास्पद प्रश्नों का

39. मैकनॉटन केस का सिद्धांत निम्न में से किससे संबंधित है ?
(A) विकृतचित्त व्यक्ति के कार्य को अपराध रहित मानना
(B) आत्मरक्षा का अधिकार
(C) तथ्य की भूल का बचाव
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. During a political function of the ruling dispensation in a State, there is firing by the police in which several persons are killed. Consequently a FIR is filed in the local police station against the accused policeman. Further a Commission of Enquiry headed by a senior police officer is set up under the Commission of Enquiry Act to investigate the matter. Even when investigation in pursuance of the FIR filed is underway the enquiry commission gives a denning report against the accused policemen and recommends strongest criminal action against them. Which of the following is legally valid course of action as a follow up to the report of commission ?
(A) Based on the report of the commission a second FIR in super-session to the first FIR may be filed
(B) The report of the Enquiry Commission will be binding on the Investigating Officer of the case in pursuance of the first FIR
(C) The report of the Enquiry Commission shall carry a conclusive weightage before the court conducting trial of the case
(D) None of the above is legally valid course of action

41. Which of the following provisions of the Criminal Procedure Code, 1973 provides for dealing with offences committed outside India ?
(A) Section 184
(B) Section 186
(C) Section 188
(D) Section 190

42. For the purposes of making a contract, a person is said to be of sound mind, if at the time of making of contract, he is
(A) Capable of understanding it and of forming a rational judgement as to its effect upon his interests
(B) A person who has obtained the age of majority
(C) Capable of giving free consent
(D) All of the above

40. किसी राज्य में सतारूढ़ सरकार के किसी राजनीतिक समारोह के दौरान पुलिस द्वारा गोलीबारी की जाती है, जिसमें कई लोग मारे जाते हैं। नतीजतन आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई। इसके अलावा घटना की जाँच के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की अध्यक्षता में एक जाँच आयोग का गठन किया जाता है। अभी प्राथमिकी (FIR) के अनुसरण में अन्वेषण चल ही रहा था कि राज्य सरकार द्वारा गठित जाँच आयोग रिपोर्ट देता है और आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ कडी आपराधिक कारवाई की सिफारिश करता है। जाँच आयोग की रिपोर्ट के अनुवर्ती कारवाई के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा कारवाई विधिसंगत है ?
(A) आयोग की रिपोर्ट के आधार पर दूसरी प्राथमिकी (FIR) दर्ज होना जो पहले FIR को अधिक्रमण करें
(B) जाँच आयोग की रिपोर्ट को पहली FIR के अनुसरण में अन्वेषण कर रहे पुलिस अधिकारी के उपर बाध्यकारी बनाना
(C) जाँच आयोग की रिपोर्ट सुनवाई कर रहे न्यायालय के लिए निर्णायक महत्व रखेगी
(D) उपर्युक्त में से कोई भी विधिसंगत नहीं है

41. आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान भारत के बाहर किए गए अपराधों से निपटने का प्रावधान करता है ?
(A) धारा 184
(B) धारा 186
(C) धारा 188
(D) धारा 190

42. संविदा करने के प्रयोजनों के लिए कोई व्यक्ति स्वस्थ चित्त कहा जाता है
(A) यदि जब वह संविदा करता है उस समय वह संविदा को समझने में और अपने हितों पर उसके प्रभाव के बारे में युक्तिसंगत निर्णय लेने में सक्षम है
(B) यदि वह व्यक्ति उस विधि के अनुसार जिससे वह अध्यधीन है, प्राप्तवय हो
(C) स्वतंत्र सम्मति देने में सक्षम हो
(D) जब उपर के सभी गुण सम्माहित हो

43. The provisions relating to transfer of decree for execution is stated under ______ of Civil Procedure Code, 1908.

(A) Section 38
(B) Section 39
(C) Section 40
(D) None of the above

44. *A*, a singer contracts with *B*, the manager of a theatre to sing at his theatre for two nights in every week during the next two months, and *B* engages her and agrees to pay her a hundred rupees for each night's performance. On the sixth night, *A* wilfully absents herself from the theatre and *B* in consequence rescinds the contract. Which of the following legal consequences may follow thereof ?

(A) *B* may refuse to pay *A* for the performances of five nights and further sue *A* for compensation for loss of business on the sixth night
(B) *B* must pay *A* for the five nights on which she had sung
(C) *A* may sue *B* for unilaterally rescinding the contract
(D) None of the above legal consequences may follow correctly

45. Under Section 300 of the Indian Penal Code, how many kinds of exceptions have been stipulated, where culpable homicide is not murder ?

(A) Three
(B) Four
(C) Five
(D) Six

43. निष्पादन के लिए डिक्री के हस्तांतरण से संबंधित प्रावधान सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के किस धारा में बताए गए हैं ?

(A) धारा 38
(B) धारा 39
(C) धारा 40
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

44. *A*, एक गायिका, एक थियेटर के प्रबंधक *B* के साथ अगले दो महीनों के दौरान हर हफ्ते में दो रातों के लिए अपने थियेटर में गाने का संविदा करता है, और *B* उसे प्रत्येक रात के प्रदर्शन के लिए सौ रुपये का भुगतान करने के लिए संलग्न/वचन करता है । छठी रात को, *A* जानबूझकर थियेटर से अनुपस्थित हो जाती है और परिणामस्वरूप *B* संविदा रद्द कर देता है । निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम कानून संगत है ?

(A) *B* पाँच रातों के प्रदर्शन के लिए *A* को भुगतान करने से इन्कार कर सकता है और छठी रात के व्यापार के नुकसान के लिए *A* से मुआवजा माँग सकता है
(B) *B* को उन पाँच रातों के लिए *A* को भुगतान करना होगा जिनमें उसने गाना गाया था
(C) *A* संविदा को एक तरफा रद्द करने के लिए *B* पर मुकदमा कर सकता है
(D) उपर्युक्त में से कोई भी परिणाम कानून संगत नहीं है

45. भारतीय दंड संहिता की धारा 300 में कितने अपवाद अंकित हैं, जहाँ आपराधिक मानव वध हत्या नहीं है ?

(A) तीन
(B) चार
(C) पाँच
(D) छह

46. In which of the proceedings under the Civil Procedure Code, 1908 the High Court may call for the record of any case which has been decided by any court subordinate to such High Court and in which no appeal lies thereto ?

(A) Reference

(B) Review

(C) Revision

(D) All of the above

47. In which of the following cases a judge records an order of acquittal under Section 232 of the Criminal Procedure Code, 1973 ?

(A) If he finds that there is no sufficient ground for proceeding with trial

(B) If he finds that there is no evidence that the accused committed the offence

(C) If the accused pleads 'not guilty' and the prosecution doesn't contest to that

(D) In all of the above cases

48. In order to convert a proposal into a promise, acceptance must be

(A) Accompanied by consideration

(B) Prompt and expeditious

(C) Absolute, unqualified and expressed in some usual and reasonable manner

(D) All of the above

46. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत किस कार्यवाही में उच्च न्यायालय किसी ऐसे मामले का रिकार्ड माँग सकता है, जिसका निर्णय उच्च न्यायालय के अधीनस्थ किसी न्यायालय द्वारा किया गया हो और जिसमें कोई अपील न हो ?

(A) निर्देश

(B) पुनर्विलोकन

(C) पुनरीक्षण

(D) उपर के सभी कार्यवाही में

47. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में एक न्यायाधीश आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 232 के तहत बरी करने का आदेश दर्ज कर सकता है ?

(A) यदि उसे लगता है कि मुकदमे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है

(B) यदि उसे लगता है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि आरोपी ने अपराध किया है

(C) यदि अभियुक्त 'दोषी नहीं' होने का दावा करता है और अभियोजन पक्ष उस पर आपत्ति नहीं करता है

(D) उपर्युक्त सभी परिस्थिति मे

48. प्रस्थापना को वचन में संपरिवर्तित करने के लिए प्रतिग्रहण कैसा होना चाहिए ?

(A) प्रतिफल के साथ होना चाहिए

(B) शीघ्र और अतिशीघ्र होना चाहिए

(C) आत्यन्तिक और अविशेषित होना चाहिए एवं किसी प्रायिक और युक्तियुक्त प्रकार से अभिव्यक्त होना ही चाहिए

(D) उपर के सभी के साथ होना चाहिए

A

49. Hardeep Singh Vs. State of Punjab and Others (2014) is a landmark case on the issue of
(A) Power to court to proceed against other persons appearing to be guilty of offence
(B) Withdrawal from prosecution
(C) Procedure in case of accused being lunatic
(D) Framing of charge

50. *A* and *B* agree that *A* shall pay *B* Rs. 1,000/-, for which *B* shall afterwards deliver to *A*, either rice or smuggled opium. Which of the following is correct legal incidence ?
(A) Agreement between *A* and *B* is void totally
(B) It is a valid contract to the extent of delivery of rice
(C) It is a void agreement as to delivery of opium
(D) It is a valid contract to deliver rice and void agreement as to the opium

51. *A* intentionally and falsely leads *B* to believe that certain land belongs to *A* and thereby induces *B* to buy and pay for it. The land afterwards becomes the property of *A*, and thereof *A* seeks to set aside the sale on the ground that at the time of the sale, he had no title. *A* is not allowed to prove his want of the title under ________ of the Indian Evidence Act, 1872.
(A) Section 115
(B) Section 116
(C) Section 117
(D) None of the above

52. The provisions relating to the "General Exceptions" are given under ________ of the Indian Penal Code.
(A) Chapter III
(B) Chapter IV
(C) Chapter V
(D) Chapter VI

49. हरदीप सिंह बनाम पंजाब राज्य एवं अन्य (2014) किस मुद्दे पर एक ऐतिहासिक फैसला है ?
(A) अपराध के दोषी प्रतीत होने वाले अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की न्यायालय की शक्ति
(B) अभियोजन से वापसी
(C) अभियुक्त के पागल होने की दशा में प्रक्रिया
(D) आरोप तय करना

50. *A* और *B* इस बात पर करार करते हैं कि *A*, *B* को 1,000/- रुपये का भुगतान करेगा, जिसके लिए बाद में *A* को चावल या तस्करी की गई अफ़ीम देगा । निम्नलिखित में से कौन-सा विधिमान्य है ?
(A) *A* और *B* की बीच हुई करार पूरी तरह से शून्य है
(B) चावल देने तक की गई करार एक विधिमान्य करार है
(C) अफ़ीम देने की करार एक शून्य करार है
(D) चावल देने की करार एक विधिमान्य संविदा है एवं अफ़ीम देने की करार एक शून्य करार है

51. *A* साशय (जानबूझकर) और मिथ्या रूप से *B* को यह विश्वास दिलाता है कि कुछ भूमि *A* की है, और *B* को उस जमीन को खरीदने और भुगतान करने के लिए प्रेरित करता है । भूमि बाद में *A* की संपत्ति बन जाती है । *A* इस आधार पर भूमि की बिक्री को रद्द करना चाहता है कि बिक्री के समय *A* का उस पर स्वामित्व नहीं था । भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के किस धारा के तहत *A* को अपने हक का अभाव साबित नहीं करने दिया जाएगा ?
(A) धारा 115
(B) धारा 116
(C) धारा 117
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. ''साधारण अपवाद'' से संबंधित प्रावधान भारतीय दंड संहिता के किस अध्याय में दिए गए हैं ?
(A) तृतीय अध्याय
(B) चतुर्थ अध्याय
(C) पंचम अध्याय
(D) छठा अध्याय

53. A continuing guarantee may be revoked by the surety at anytime as to future transactions
(A) By notice to the creditor and consent of the principal debtor
(B) By approval of the creditor
(C) By notice to the creditor and principal debtor
(D) By notice to the creditor

54. Gurbaksh Singh Sibbia and Others Vs. State of Punjab (1980) is a landmark case on the issue of
(A) When bail may taken in case of non-bailable offence
(B) Grant of bail to person apprehending arrest
(C) Special powers of High Court or Court of Session regarding bail
(D) None of the above

55. In which of the following cases, there may be presumption to absence of consent in prosecution for rape ?
(A) Rape as covered u/s 376(1)
(B) Rape as covered u/s 376(2)
(C) Rape as covered u/s 376(3)
(D) All of the above

56. Section 27 of the Indian Evidence Act is often referred as exception to the rule stated under
(A) Section 25
(B) Section 26
(C) Both Sections 25 and 26
(D) Section 28

53. चलत प्रत्याभूति को भावी संव्यवहारों के लिए प्रतिभू किसी भी समय प्रति संहरण कर सकता है
(A) लेनदार को नोटिस एवं मुख्य देनदार की सहमति से
(B) ऋणदाता के अनुमोदन से
(C) लेनदार और मुख्य देनदार को नोटिस देकर
(D) ऋणदाता को नोटिस देकर

54. गुरबक्श सिंह सिब्बिया और अन्य बनाम पंजाब राज्य (1980) किस मुद्दे पर एक ऐतिहासिक निर्णय है ?
(A) गैर-जमानती अपराध के मामले में जमानत कब की जा सकती है
(B) गिरफ्तारी की आशंका वाले व्यक्ति को जमानत देना
(C) जमानत के संबंध में उच्च न्यायालय या सत्र न्यायालय की विशेष शक्तियाँ
(D) इनमें से कोई नहीं

55. निम्नलिखित में से किस मामले में, बलात्कार के लिए मुकदमा में, सहमति के अभाव की उपधारणा होती है ?
(A) बलात्कार धारा 376(1) के अंतर्गत
(B) बलात्कार धारा 376(2) के अंतर्गत
(C) बलात्कार धारा 376(3) के अंतर्गत
(D) उपर के सभी

56. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 को अक्सर अपवाद माना जाता है, धारा के नियमों का।
(A) धारा 25
(B) धारा 26
(C) दोनों धारा 25 और 26
(D) धारा 28

57. Which of the following is correct about decree and judgement ?
(A) Decree and judgement are the same
(B) Civil Procedure Code defines decree, but does not define judgement
(C) Decree includes any order of dismissal for default
(D) None of the above

58. Under Section 361 of the Indian Penal Code, the lawful guardian of the minor includes
(A) Only father
(B) Only the parents
(C) Only the immediate relatives
(D) Any person lawfully entrusted with the care or custody of minor

59. Section 151 of the Civil Procedure Code, 1908 saves the inherent powers of the Court to make such Orders as may be necessary for which of the following ?
(A) To ensure the rule of law or to prevent abuse of the process of the Court
(B) For the ends of justice or to ensure the rule of law
(C) For the ends of justice or to prevent abuse of the process of the Court
(D) For the ends of justice or to ensure the rule of law or to prevent abuse of the process of the Court

60. The offence of 'Sextortion' has been included in the Indian Penal Code by way of State Amendment in respect of which State/Union Territory ?
(A) Tamil Nadu
(B) Uttar Pradesh
(C) Jammu and Kashmir and Ladakh
(D) Manipur

57. डिक्री एवं निर्णय के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
(A) डिक्री एवं निर्णय एक समान, एक ही अवधारणा है
(B) सिविल प्रक्रिया संहिता डिक्री को परिभाषित करती है, लेकिन निर्णय को परिभाषित नहीं करती है
(C) डिक्री में व्यतिक्रम के लिए खारिज करने का आदेश शामिल है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58. भारतीय दंड संहिता की धारा 361 में विधिपूर्ण संरक्षककर्ता कौन हो सकते हैं ?
(A) केवल पिता
(B) केवल माता-पिता
(C) केवल नजदीकी रिश्तेदार
(D) कोई भी व्यक्ति जिस पर अप्राप्तवय या अन्य व्यक्ति की देखरेख या अभिरक्षा का भार विधिपूर्वक न्यस्त किया गया है

59. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 151 किसी अदालत की अंतर्निहित शक्तियों को बचाती है, जो निम्नलिखित में से किसके लिए आवश्यक हो सकते हैं ?
(A) कानून का शासन सुनिश्चित करने या न्यायालय की प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए
(B) न्याय के उद्देश्य के लिए या कानून का शासन सुनिश्चित करने के लिए
(C) न्याय के उद्देश्य के लिए या न्यायालय की प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए
(D) न्याय के उद्देश्य के लिए या कानून का शासन सुनिश्चित करने के लिए या न्यायालय की प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए

60. 'सेक्सटोर्शन' के अपराध को किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के संबंध में राज्य संशोधन के माध्यम से भारतीय दंड संहिता में शामिल किया गया है ?
(A) तमिलनाडु
(B) उत्तर प्रदेश
(C) जम्मू और कश्मीर व लद्दाख
(D) मणिपुर

A

61. An aggrieved wife *W* registers FIR under Sections 498A/323 and 406 of IPC against her husband *H* at the police station of competent jurisdiction. After two years since the registration of FIR an amicable settlement is reached between them and they had been living together happily for over a year now. At this stage, husband and wife both approach the High Court for quashing of FIR under Section 482 of the Cr.P.C. However in the meantime the police investigation has been completed and the charge sheet filed against the accused husband. Which of the following is legally permissible ?

(A) The High Court cannot quash the FIR as offences for which FIR is registered are non-compoundable under Section 320 of the Criminal Procedure Code

(B) The High Court cannot quash the FIR firstly because, offences for which FIR is registered are non-compoundable, secondly because the charge sheet has been filed

(C) The High Court is mandated to quash the FIR as wife, the alleged victim and husband, the alleged accused both are generally requesting for quashing of FIR

(D) The High Court in its discretion may quash FIR if it finds that it will secure the ends of justice

61. *W* एक पीड़ित पत्नी सक्षम पुलिस अधिकारी के समक्ष अपने पति *H* के खिलाफ भारतीय दंड अधिनियम (IPC) की धारा 498A/323 और 406 के तहत प्राथमिकी (FIR) दर्ज कराती है। प्राथमिकी दर्ज होने के दो साल बाद उनके बीच सौहार्दपूर्ण समझौता हो गया और वे एक साल से अधिक समय से खुशी-खुशी साथ रह रहे थे। इस स्थिति के बाद पति और पत्नी दोनों आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत प्राथमिकी को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष जाते हैं। इस बीच पुलिस अन्वेषण हो चुकी है और आरोपी पति के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है। निम्न में से कौन-सा विधिसंगत है ?

(A) उच्च न्यायालय प्राथमिकी को रद्द नहीं कर सकता है क्योंकि जिन अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज है वे आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 320 के तहत गैर समझौता योग्य है

(B) उच्च न्यायालय प्राथमिकी को रद्द नहीं कर सकता है क्योंकि प्राथमिकी में दर्ज अपराध गैर शमनयोग्य है तथा दूसरा की मामले में आरोप पत्र दायर किया जा चुका है

(C) उच्च न्यायालय के लिए प्राथमिकी रद्द करना बाध्य है क्योंकि पत्नी, कथित पीड़िता एवं पति, कथित आरोपी दोनों ने प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया है

(D) उच्च न्यायालय अपने विवेक से प्राथमिकी रद्द कर सकता है यदि उसे लगता है कि इससे न्याय सुनिश्चित होगा

62. Which of the following inter alia, is true about release of accused under Section 169 of the Criminal Procedure Code, 1973 ?
(A) Accused may be released, if upon an investigation it appears that there is not sufficient evidence for commission of an offence
